<u>**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**</u>

<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अदानी जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड ("एजियाल") को सौंपा गया |

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर 2021: जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा 50 वर्षों की लीज़ अवधि के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी प्रणाली के माध्यम से प्रचालन, प्रबंधन और विकास हेतु दिनांक 11अक्टूबर 2021 को 00:00 बजे (10.10.2021 की मध्यरात्रि) अदानी जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड ("एजियाल") को सौंप दिया गया।

एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से, **एईएल** जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए एक सफल बोलीदाता के रूप में उभर कर सामने आया और 19 जनवरी 2021 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा एजियाल के साथ एक रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए । रियायत समझौते की शर्तों के अनुसार, एजियाल को प्रत्येक चढ़ने और उतरने वाले घरेलू यात्री के मामले में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को रुपये 174/- की दर से मासिक रियायत शुल्क का भुगतान करना होगा। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के मामले में प्रति यात्री (चढ़ने और उतरने के लिए) यह रियायत शुल्क रु 348/- होगा।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी:

कृपया विवरण के लिए महाप्रबंधक (नि.सं.) को संपर्क करें:

011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 23/2021-22